# CODE : 03/A

# 603/A

Roll No. : ............................................

Total No. of Questions : 8 ]

[ Total No. of Printed Pages : 8

**X**

**2325**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

# HINDI

**(Morning Session)**

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 80**

**नोट :** *(i)* अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड के खाने में विषय-कोड/पेपर कोड **03/A** अवश्य भरें।

*(ii)* जैसे ही आप उत्तर-पुस्तिका प्राप्त करें, सुनिश्चित करें कि पुस्तिका में मुख पृष्ठ सहित **24** पृष्ठ हैं और ठीक से क्रमबद्ध हैं।

*(iii)* उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/पृष्ठों के पश्चात् हल किए गए प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

*(iv)* कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें।

*(v)* **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

*(vi)* लिखाई सुन्दर एवं साफ़ हो।

## भाग - क

**1.** I. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'व्याकुल' शब्द का सही संधि-विच्छेद चुनकर लिखिए :

(क) वी + आकुल (ख) व्या + कुल

(ग) वि + आकुल (घ) व्याकु + ल

(ii) 'यज्ञशाला' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनिए :

(क) यज्ञ से शाला
(ख) यज्ञ के लिए शाला
(ग) यज्ञ में शाला
(घ) यज्ञ की शाला

(iii) 'उचित' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा चुनकर लिखिए :

(क) उचित्य
(ख) ऊचित्य
(ग) ओचित्य
(घ) औचित्य

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'प्रेम' का पर्यायवाची नहीं है ?

(क) प्रणय
(ख) अनुराग
(ग) प्रणाम
(घ) प्रीति

II. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प को चुनिए : 4 × 1 = 4

(i) मीरा अपने आँसुओं के जल से किस बेल को सींच रही थी ? 'पदावली' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए :

(क) संत रूपी प्रेम की बेल को
(ख) सहेली रूपी प्रेम की बेल को
(ग) भगत रूपी प्रेम की बेल को
(घ) श्रीकृष्ण रूपी प्रेम की बेल को

(ii) 'नीति के दोहे' पाठ में रहीम जी के अनुसार सच्चे मित्र की क्या पहचान है ?

(क) जो प्रातःकाल उठकर खूब पढ़ाई करे।
(ख) जो सम्पत्ति या अच्छे समय में अपने मित्र के काम आए।
(ग) जो विपत्ति में अपने मित्र के काम आए।
(घ) जो खेलकूद न करके शाम को पढ़ाई करे।

(iii) स्कूल बस में छात्र-छात्राएँ कहाँ जा रहे थे ? 'अहसास' लघुकथा के आधार पर उत्तर दें।

(क) अपने स्कूल
(ख) शैक्षिक भ्रमण के लिए
(ग) क्रिकेट मैच देखने के लिए
(घ) अपने घर

(iv) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के अनुसार मनोहर सिंह ने रुपये लौटाने की मोहलत कब तक की माँगी थी ?

(क) एक सप्ताह (ख) बीस दिन

(ग) एक महीना (घ) एक साल

III. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

साहब ते सेवक बड़ो, जो निज धरम सुजान।
राम बाँध उतरै उदधि, लांघि गए हनुमान।।

(i) प्रस्तुत दोहा किस कवि द्वारा रचित है ?

(क) रहीम (ख) बिहारी

(ग) तुलसीदास (घ) मीराबाई

(ii) तुलसीदास ने किसे स्वामी से भी बड़ा कहा है ?

(क) मित्र को (ख) राजा को

(ग) प्रभु को (घ) सेवक (भक्त) को

(iii) 'उदधि' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) नदी (ख) बादल

(ग) समुद्र (घ) तालाब

(iv) प्रस्तुत दोहे का केन्द्रीय भाव क्या होगा ?

(क) इस दोहे में कवि ने सच्चे मित्र की प्रशंसा की है।

(ख) इस दोहे में कवि ने सच्चे और समर्पित सेवक (भक्त) की प्रशंसा की है।

(ग) इस दोहे में कवि ने सच्चे और समर्पित राजा की प्रशंसा की है।

(घ) इस दोहे में कवि ने ईश्वर की प्रशंसा की है।

IV. निम्नलिखित मुहावरे/लोकोक्तियों के बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 1 = 3$

(i) 'दूध का धुला' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें :

(क) बिल्कुल पापी

(ख) शिव की मूर्ति को दूध से धोना

(ग) बिल्कुल निष्पाप

(घ) गणेश की मूर्ति को दूध से धोना

(ii) 'उड़ती चिड़िया पहचानना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(क) उड़ती चिड़िया की किस्म पहचाना

(ख) उड़ती चिड़िया को मारना

(ग) अनुभवी होना/किसी बात को जान लेना

(घ) चिड़िया को जानना

(iii) 'ओखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या डर' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? *सही* विकल्प चुनें :

(क) सरल काम करने का निश्चय करके बाधाओं से न घबराना

(ख) कठिन काम करने का निश्चय करके बाधाओं से न घबराना

(ग) कठिन काम करने का निश्चय करके बाधाओं से घबराना

(घ) सरल काम करने का निश्चय न करके व्यर्थ में मूसलों से डरते रहना

V. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है। मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट-सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करने योग्य हैं - प्रथम बात : कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना और द्वितीय बात : अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जगाए रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को कभी हतप्रभ होकर अपने आत्म सम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है, वह बाहरी चीज़ नहीं है।

(i) संसार में कौन लोग अमर हो पाते हैं ?

(ii) जीवन में सादगी लाने के लिए कौन-सी दो बातें विशेष रूप से करने योग्य हैं ?

(iii) व्यक्ति की सच्ची पहचान किस बात से होती है ?

(iv) 'सहिष्णुता' शब्द का क्या अर्थ है ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

VI. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 6 × 1 = 6

(i) 'क्षमा' शब्द का विशेषण 'क्षम्य' होता है। (सही/गलत)

(ii) समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'बहु-बहू' में 'बहु' का अर्थ 'वधू' और 'बहू' का अर्थ 'बहुत' होता है। (सही/गलत)

(iii) 'जो कम व्यय करता हो' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द होगा – 'मितभाषी'। (सही/गलत)

(iv) 'अनिवार्य' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द ...... होगा। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(v) निम्नलिखित विकल्पों में से 'फल' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का **सही** विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :

फल (क) परिणाम, लाभ, प्रयोजन

(ख) परिमाण, लाभ, प्रयोजन

(ग) प्रणाम, लाभ, प्रयोजन

(vi) 'शिमला की सौंदर्यता सबको प्रभावित करती है।' इस वाक्य को शुद्ध करके लिखें।

VII. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 4 × 1 = 4

(i) शल्य कौन था ? 'मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर एक वाक्य में उत्तर दें।

(ii) साधु को तावीज़ बनाने के लिए ............ रुपये की पेशगी दी गई। 'सदाचार का तावीज़' निबन्ध के आधार पर सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(iii) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी ने अपने कुटुम्ब की तुलना पीपल के पेड़ से की। (सही/गलत)

(iv) 'देश के दुश्मन' एकांकी में वाघा बॉर्डर पर मारे जाने वाले दो सरकारी अफ़सरों में एक कमिश्नर था। (सही/गलत)

## भाग - ख

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें : $4 \times 2 = 8$

(i) ठाकुर शिवपाल सिंह नीम के पेड़ पर अपना अधिकार क्यों जताते हैं ? 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर उत्तर दें।

(ii) दिवाकर को क्यों पुरस्कृत किया गया ? 'अहसास' लघुकथा के आधार पर उत्तर दें।

(iii) विश्वासपात्र मित्र को खज़ाना, औषध और माता जैसा क्यों कहा गया ? 'मित्रता' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iv) गुरु नानक देव जी ने तत्कालीन भारतीय जनता को किन बुराइयों से स्वतन्त्र कराने का प्रयास किया ? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी कर्मचंद की किस बात से चिंतित हो उठते हैं।

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव को गुप्तचरों से क्या समाचार मिला ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छः या सात पंक्तियों में दें : $3 \times 4 = 12$

(i) 'ममता' कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

(ii) 'दो कलाकार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'क्या वह सांचा टूट गया जिसमें ऐसे कठिन कोमल चरित्र ढलते थे।' 'राजेंद्र बाबू' निबंध के आधार पर आशय स्पष्ट करें।

(iv) 'ठेले पर हिमालय' निबंध में लेखक को ऐसा क्यों लगा कि वे किसी दूसरे ही लोक में चले आए हैं ?

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में मँझली बहू के चरित्र की कौन-सी विशेषता सबसे अधिक दृष्टिगोचर होती है ?

## भाग - ग

4. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें : 5

ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਤਨ ਨੂੰ ਤੰਦਰੁਸਤ ਰੱਖਣ ਲਈ ਕਸਰਤ ਕਰਨ ਦੀ ਆਦਤ ਪਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਕਸਰਤ ਨਾਲ਼ ਕੇਵਲ ਤਨ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਸਾਡਾ ਮਨ ਵੀ ਚੰਗਾ ਬਣਦਾ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਤਨ ਅਤੇ ਮਨ ਦੋਵੇਂ ਤੰਦਰੁਸਤ ਹੋ ਜਾਣਗੇ ਤਾਂ ਸਾਡੇ ਮਨ ਵਿੱਚ ਚੰਗੇ ਵਿਚਾਰ ਆਉਣਗੇ।

## भाग - घ

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : 5

आपका नाम अनुकान्त कौशल है। आप दयानन्द पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में पढ़ते हैं। आप दसवीं कक्षा के प्रतिनिधि छात्र हैं। आपकी कक्षा का एक छात्र-दल दिनांक 14.09.2024 को शैक्षिक भ्रमण हेतु चंडीगढ़ गया था, जहाँ उन्होंने रोज़ गार्डन व रॉक गार्डन के साथ-साथ पंजाब विश्वविद्यालय की सैर की। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।

**अथवा**

आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर - 17 चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

## भाग - ङ

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : 7

आपका नाम अरविन्द कुमार है। आप मकान नंबर 125, मयूर विहार, पानीपत (हरियाणा) के निवासी हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1665432144 है। सेवा सदन हाई स्कूल, दिल्ली के प्रिंसिपल की ओर से 'दैनिक समाचार-पत्र' में 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के पद का विज्ञापन दिया है। आप स्कूल के प्रिंसिपल को 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन/प्रार्थना पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपका नाम शमशेर सिंह है। आप मकान नंबर 2343, प्रभात नगर में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1648765990 है। आप अपनी ओर से दिल्ली के मशहूर समाचार-पत्र 'आज की बात' के मुख्य संपादक के नाम पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में चल रही जुआखोरी की जानकारी दीजिए।

7. निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 8

(क) परीक्षा से एक घंटा पूर्व

(ख) हम घर में सहयोग कैसे करें ?

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

## भाग - च

8. निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें : 5

मान लीजिए आपका नाम **शर्मीला टैगोर** है। आपका पता : मकान नम्बर - 2672, सेक्टर - 18, अमृतसर है। आपको गाड़ी संख्या - 2901, शताब्दी एक्सप्रेस से दिनांक 20.06.2025 को अमृतसर से मुम्बई तक यात्रा करनी है। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :

**गाड़ी संख्या और नाम : 2901, शताब्दी एक्सप्रेस**

यात्रा की तारीख : ............................

यात्रा आरंभ करने का स्टेशन : ...................... से ...................... स्टेशन तक आरक्षण

नाम व पता ..........................................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर : ..........................

**अथवा**

मान लें कि आपका नाम सुरैया है। आपका 'भारत बैंक', शाखा : मलेरकोटला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 32767781256 है। आपको अपने इस खाते में 33.000/- रुपये जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें।

**भारत बैंक, शाखा : मलेरकोटला**

**बैंक में रुपये जमा करवाने के लिए प्रपत्र**

जमा बचत खाता नम्बर ................................... जो कि ....................................

के नाम से है, में रुपये ................................... (रुपये अंकों में) ............................

(रुपये शब्दों में) जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर : ..........................

342563